<u>**अनुस्मारक**</u>

<u>**तत्काल**</u>

संसद संबंधी मामला

एच-11012(11)/2/2015-एसबीएम

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

स्वच्छ भारत मिशन

12वां तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003
दिनांक: 21.04.2015

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव
प्रभारी ग्रामीण स्वच्छता
आंध्र प्रदेश तथा दादरा और नगर हवेली

विषय:- बायो-शौचालयों का निर्माण

महोदय,

कृपया इस मंत्रालय के दिनांक 28 फरवरी, 2014 के समसंख्यक पत्र और बाद के दिनांक 13-05-2014, 21-05-2014, 24-11-2014, 12-12-2014, 04-02-2015 और 06-04-2015 के अनुस्मारकों को संदर्भगत करें जिनके द्वारा आपसे "बायो-शौचालयों" के बारे में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3665 के भाग (ग), (घ) और (ड.) के बारे में निम्नलिखित सूचना माँगी गई थी:

(ग) लक्षद्वीप सहित देश में ऐसे शौचालयों की राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या

(घ) उन पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार खर्चा

(ड.) इन शौचालयों के रखरखाव और उनके लिए विकसित की गई संरचना के लिए सरकार द्वारा किए गए उपाय?

2. उपर्युक्त अतारांकित प्रश्न के बारे में आपके राज्य से अभी तक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। तदनुसार आप से अनुरोध है कि इस मंत्रालय को तत्काल सूचना भिजवा दें ताकि इस मंत्रालय के लंबित संसदीय आश्वासन को पूरा किया जा सके।

भवदीया,

(क्रिस्टीना कुजूर)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रतिलिपि:-

1. राज्य समन्वयकर्त्ता एनबीए, उपर्युक्त राज्य।
2. निदेशक (एनआईसी) को यह पत्र मंत्रालय की वेबसाइट पर डालने के लिए।